कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री मन मोहन कुमार नॉगपाल, एडवोकेट, 40 एसबीबीजे ऑफिसर्स कॉलोनी, मेट्रो स्टेशन के पास, मान सरोवर, जयपुर (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा

अपील सं0 16/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 23.04.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 27.01.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2018/303 दिनांक 05.04.18 द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक द्वारा वॉछित सूचना का संबंध प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा, कलक्ट्रेट, दौसा से होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 (1) के अंतर्गत आवेदक को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा, कलक्ट्रेट, दौसा को पत्र भिजवाया गया। प्रभारी अधिकारी राजस्व शाखा, कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा उनके पत्रांक 2541 दिनांक 14.03.2018 द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा को सूचना भिजवाई गई। जिसको लोक सूचना अधिकारी,(अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा आवेदक को उनके पत्रांक 246 दिनांक 15.03.2018 द्वारा भिजवाया जाना अंकित किया गया है। प्रेषित पत्रादि की छाया प्रतियॉ संलग्न पत्रावली है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर), दौसा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा